त्रैमासिक सूचना पत्र
भारतीय रेल सिविल इंजीनियरी संस्थान
पुणे 411 001

☎ डीओटी
628680 622271
625030 627545
☎ रेलवे 210

फैक्स 0212 628677
E-mail
IRICEN PUNE@ SM3.sprintrpg.ems.vsnl.net.in
टेलिग्राम : रेलपथ

वर्ष प्रथम अंक तृतीय त्रैमासिक जुलाई .. सितम्बर 1997

इस अंक में

1. आई.आर.एस.ई. परिविक्षार्थियों को आर.के. जैन एवं आलोक जैन पदक.
2. समेकित पाठ्यक्रम के अधिकारियों को स्वर्ण एवं रजत पदक.
3. मुख्य रेलपथ इंजीनियरों का इरीसेन में सम्मेलन
4. इरीसेन में स्वतंत्रता समारोह का आयोजन.
5. हिंदी सप्ताह का आयोजन.
6. अक्तूबर 97 से दिसम्बर 97 तक के लिए प्रशिक्षण पाठ्यक्रम

1. आई.आर.एस.ई. परिविक्षार्थियों को आर.के.जैन एवं आलोक जैन पदक.

प्रशिक्षु अधिकारियों में स्वस्थ्य प्रतियोगिता के प्रोत्साहन के लिए इरीसेन में कई ट्राफीयॉ दी जाती हैं. दिनांक 7.7.97 को आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि श्री एन.कितिवासन, महाप्रबंधक पश्चिम रेल के द्वारा उत्कृष्ठ प्रदर्शन के लिए निम्न लिखित प्रोबेशनरों को ट्रॉफी प्रदान की गई.

1. श्री आर के शेखावत .. आर.के.जैन ट्रॉफी
   मंडल इंजीनियर, द.रेल,
2. श्री आलोक कुमार मिश्र .. आलोक जैन ट्रॉफी
   सहायक इंजीनियर, पू.रेल.

2. समेकित पाठ्यक्रम के अधिकारियों को स्वर्ण पदक एवं रजत पदक.

उत्कृष्ठ प्रदर्शन के लिए समेकित पाठ्यक्रम सं. 9724 के प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले अधिकारियों को आई.पी.डब्ल्यु.ई. की ओर से क्रमश: स्वर्ण एवं रजत पदक दिनांक 18.7.97 को आयोजित समारोह में श्री जी.आर.मदान, मुख्य इंजीनियर, म.रेल के द्वारा प्रदान किया गया.

1. श्री एस.के.जैन, सहा.इंजी., पश्चिम रेल .. स्वर्ण पदक
2. श्री आर.के.गुप्ता, सहा.इंजी., पश्चिम रेल .. रजत पदक

तीसरे स्थान प्राप्त करने पर श्री एच.सी.यादव, सहा.इंजी. पूर्व रेल को पारितोषिक प्रदान किया गया.

3. मुख्य रेलपथ इंजीनियरों का इरीसेन में सम्मेलन.

दि.7.7.97 से 9.7.97 तक इरीसेन में मुख्य रेलपथ इंजीनियरों का तीन दिन का सम्मेलन आयोजित किया गया. इस सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि श्री एन.कितिवासन, महाप्रबंधक, पश्चिम रेलवे ने आधुनिक रेलपथ के प्रबंधन में मुख्य रेलपथ इंजीनियरों का व्यक्तिगत ध्यान आकृष्ठ करने का आहवान किया. साथ हीं उन्होंने गैंगमैन के कार्य स्थिति को सुधारने की आवश्यकता पर भी बल दिया. इन सेमिनारों के माध्यम से रेलपथ के अनुरक्षण में आनेवाली कई समस्याओं का समाधान मुख्य रेलपथ इंजीनियरों, आर.डी.एस.ओ. के अधिकारियों तथा इरीसेन के अधिकारियों द्वारा सम्मिलित रूप से करने का प्रयास होता हैं.

4. इरीसेन में स्वतंत्रता समारोह का आयोजन.

15 अगस्त 97 को स्वतंत्रता के स्वर्णजयंती के अवसर पर भव्य समारोह आयोजित किया गया. समारोह में निदेशक महोदय श्री विनोद कुमार के द्वारा इस संस्थान के कुछ कर्मचारीयों को उत्कृष्ठ कार्य के लिए पुरस्कार प्रदान किया गया. इस अवसर पर एक अनूठे सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसे इस संस्थान के कर्मचारियों ने अथक प्रयास से ऐतिहासिक बना दिया.

संरक्षक
विनोद कुमार
निदेशक
इरीसेन पुणे

संपादक
अरविंद कुमार
उप मुख्य राजभाषा अधि.
एवं प्राध्यापक/प्रशिक्षण

सहयोग
अशोक एल पोलके
एन एम गोटेफोडे
गणेश श्रीनिवासन
शिवाजी तावडे

5. हिन्दी सप्ताह

15.9.97 से 19.9.97 तक इरीसेन में हिन्दी सप्ताह मनाया गया. दि.19.9.97 को हिन्दी निबन्ध एवं हिन्दी अनुवाद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया. दि. 19.9.97 को आयोजित समारोह में हिन्दी राजभाषा के क्षेत्र में योगदान देने वाले कर्मचारियों को निदेशक महोदय द्वारा पुरस्करित किया गया.

6.माह अक्तूबर 1997 से दिसम्बर 1997 तक आयोजित होनेवाले प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों की जानकारी.

सत्र संख्या	दिनांक से तक	सत्र का नाम	अधिकारी संवर्ग	पाठ्यक्रम निदेशक
9739	29.9.97 10.10.97	आई.आर.एस.ई.पी 95 परीक्षा बैच के लिए संगणक पाठ्यक्रम.	आई.आर.एस.ई. परिवीक्षार्थी.	प्राध्यापक प्रशिक्षण
9745	13.10.97 24.10.97	मिक्स डिजाइन, उत्पादन एवं कॉंक्रीट की गुणता नियंत्रण पर विशेष पाठ्यक्रम.	क.श्रेणी/व.श्रेणी एव क.प्रशा अधि.	प्राध्यापक पुल 1
9756	22.12.97 26.12.97	ट्रॅक मॉनिटरिंग पर विशेष पाठ्यक्रम	क.प्रशा.,व.श्रेणी क. श्रेणी	प्राध्यापक/प्रशिक्षण
9758	15.12.97 17.12.97	मुख्य सामान्य इंजीनियरों का सेमिनार.	व. प्रशा. श्रेणी	वरि प्राध्यापक/पुल
9757	13.11.97 14.11.97	आरबिट्रेशन पर विशेष पाठ्यक्रम.	व.श्रेणी/क.श्रेणी एव क.प्रशा अधि.	वरि.प्राध्यापक/कार्य
9746	17.11.97 21.11.97	आई.आर.एस.एम.ई परि.के लिए प्रशिक्षण पाठयक्रम.	आई.आर.एस.एम.ई परि.95 परीक्षा	प्राध्यापक पुल 2
9759	10.11.97 23.1.98	ग्रुप'बी'अधिकारियों के लिए समेकित पाठ्यक्रम.	क.श्रेणी/व.श्रेणी	प्राध्यापक रेलपथ 1
9761	10.11.97 9.1.98	वरि.व्यवसायिक पाठ्यक्रम रेलपथ	व.श्रेणी क.प्रशा अधिकारी.	वरि.प्राध्यापक/रेलपथ वरि.प्राध्यापक/कार्य
9762	17.11.97 28.11.97	वर्ड प्रोसेसिंग और स्प्रेडशीट पर संगणक पाठ्यक्रम.	क.श्रेणी/व.श्रेणी एवं क. प्रशा	प्राध्यापक पुल 1
9763	1.12.97 3.12.97	मुख्य पुल इंजीनियरों का सेमिनार.	व.प्रशा श्रेणी	वरि.प्राध्यापक/पुल
9764	8.12.97 26.12.97	पुलों के डिझाइन पर विशेष पाठ्यक्रम.	क.श्रेणी/व.श्रेणी	प्राध्यापक पुल 1
9765	8.12.97 12.12.97	आई.आर.टी.एस.परि. 96 परीक्षा के लिए प्रशिक्षण पाठ्यक्रम.	आई.आर.टी.एस. परिवीक्षार्थी	प्राध्यापक पुल 2
9766	29.12.97 2.1.98	आई.आर.एस.ई.परिवीक्षार्थीयों के लिए परिचय पाठ्यक्रम.	आई.आर.एस.ई.परि. 96 परीक्षा	प्राध्यापक प्रशिक्षण